हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 9 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

11 मिनी मार्केट में तब्दील हाइवे के अंडरपास, भारी पड़ रहा मंथली वसूली का खेल



12 ढोहकी में फार्म हाउस पर चला डीटीपी का चाबुक, बाहर एकड़ में अवैध निर्माण किया ध्वस्त



## खबर संक्षेप

### स्कूल के लिए निकला छात्र चार दिन से लापता

**बावल।** बावल क्षेत्र के नैचाना रोड से स्कूल के निकला 10 वर्षीय छात्र लापता हो गया। गांव बेलदारीया नालंदा बिहार निवासी धमेन्द्र ने बावल थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नैचाना रोड पर किराये पर रहता है और कबाड़ का काम करता है। उसका बड़ा बेटा हिमांशु नैचाना रोड स्थित विश व भारत हाई स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ता है। 5 अप्रैल को सुबह 8 बजे हिमांशु घर से पैदल स्कूल गया था, जोकि अभी तक वापस नहीं आया है। पूछताछ करने पर पता चला कि वह स्कूल में भी नहीं पहुंचा। आस पड़ोस व रिश्तेदारी में पता करने पर भी उसका सुराग नहीं लगा है। पुलिस से गुमशुदगी का केस दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### सोलर प्लेट तोड़ ट्यूबवेल से केबल ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** गांव फदनी से चोर ट्यूबवेल से कॉपर की केबल चोरी कर ले गए। चोरों ने किसान की सोलर प्लेट भी तोड़ डाली। गांव फदनी निवासी नवीन कुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को बताया कि उसने अपने पिता अशोक कुमार के नाम से सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन लिया हुआ है। गत 23 फरवरी को चोर सोलर प्लेट से बोरवेल तक जुड़ी करीब 90 मीटर केबल काटकर चोरी कर ले गए तथा 2 सोलर प्लेटों को भी तोड़ दिया। उन्होंने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी थी। अपने स्तर पर चोरी हुई केबल का पता लगाया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। इसके बाद उन्होंने धारूहेड़ा थाने में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### एम्स साइट से दो लाख की एल्युमिनियम प्लेट चोरी

**कुंड।** गांव माजरा में निर्माणाधीन एम्स की साइट से चोर लाखों रुपये की एल्युमिनियम प्लेट चोरी कर ले गए। मूलरूप से मोहम्मद नगर सोहना बस्ती उत्तर प्रदेश निवासी वर्तमान में गांव माजरा भालखी निवासी विरेन्द्र चौधरी ने कुंड पुलिस चौकी को दी शिकायत में बताया कि वह एम्स प्रोजेक्ट में दीवार बनाने का ठेका लिया हुआ है तथा दीवार बनाने में एल्युमिनियम की प्लेट लगाने का कार्य कराता है। उसने आधी प्लेट दूसरी लोकेशन पर भेज दी थी तथा आधी प्लेट एम्स साइट के पास रखी थी, जिसमें से 30 प्लेट को चोर 5 अप्रैल की रात चुरा कर ले गए। इन प्लेटों की कीमत 2 लाख रुपये है। आसपास पूछताछ करने पर भी प्लेटों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### हादसे के बाद फरार ट्राला चालक काबू

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार ट्रॉला चालक को गिरफ्तार किया है। 5 अप्रैल को पाल्हावास ओवरब्रिज के पास ट्रॉले ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद चालक ट्रॉला लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी थी। जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के टीकरी निवासी चालक जयसिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका ट्रॉला भी कब्जे में ले लिया।

### गांव खड़गवास के पास से बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ रोड स्थित गांव खड़गवास के पास से चोर बाइक चोरी कर ले गए। गांव लाडपुर निवासी विकास कुमार ने रामुपरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 मार्च शाम करीब 7:30 बजे गांव खड़गवास के पास से उसकी बाइक व हेल्मेट चोरी हो गया है। विकास ने बताया कि उसेक भाई का एक्सीडेंट रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड पर गांव खड़गवास के पास हुआ था और उसकी बाइक और हेल्मेट वही पर था। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## नायब सरकार की सोच को समाज के लिए सकारात्मक बदलाव लाने में अहम बताया

# नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर रेवाड़ी पहुंची साइकिल यात्रा, युवाओं ने लोटे में नमक डालकर लिया संकल्प

- जिले की सीमा में बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार, कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि व एसपी डा.मयंक गुप्ता ने जिलावासियों के साथ किया यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना-थीम के साथ ड्रग्स फ्री हरियाणा का संदेश देते हुए मंगलवार को साइक्लोथॉन-2.0 ने रेवाड़ी जिले में प्रवेश किया। साइकिल यात्रा के जिले की सीमा मु पहुंचने पर बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार, कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि, एसपी डा.मयंक गुप्ता, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, डीएसपी डा.रविंद्र, डीएसपी विनोद शंकर व जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों व युवाओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया तथा नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चत की। जिले के गांवों व शहरी क्षेत्र में विधायक लक्षमण सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली सहित अन्य गणमान्य लोगों ने साइक्लोथॉन में भागीदार प्रतिभागियों का जोरदार अभिनंदन करते हुए नायब सरकार की सामाजिक सोच को समाज के लिए सकारात्मक बदलाव लाने में अहम बताया। साइक्लोथॉन-2.0 के पहुंचने पर गांव माजरा भालखी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने युवा शक्ति को सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि नायब सरकार प्रदेश में आधारभूत ढांचागत विकास कराने के साथ ही युवा शक्ति को नशे जैसी कुरीति से दूर रखने सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने में भी अपनी नैतिक जिम्मेवारी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों से निकलने वाली साइक्लोथॉन नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देने में अहम रहेगी। यह यात्रा प्रदेशभर में लोगों को नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए प्रेरित करते हुए सिरसा में सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर नशाखोरी को खत्म करने के लिए युवाओं को प्रेरित करना है। साइक्लोथॉन में एनसीबी से एसआई अशोक कुमार अपनी साइकिल के साथ लोटा और नमक लिए हुए हैं, जो कि सामाजिक संकल्प का संकेत है। वे आमजन से लोटे में नमक डलवाते हुए अपने क्षेत्र, अपने प्रदेश को नशा मुक्त हरियाणा बनने का संकल्प दिला रहे हैं। जिले में यात्रा के दौरान ग्रामीणों व युवाओं ने सामाजिक कुरीति के विरूद्ध लोटे में नमक डालते हुए नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपनी आहुति डाली। गांव माजरा भालखी से होते हुए साइकिल यात्रा गांव नांधा, बलवाड़ी, नांगल, मायण व मामड़यि ठेठर बस स्टैंड होते हुए शहर में सरकुलर रोड़ स्थित महाराजा अग्रेसन पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में पहुंची। स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को नशा करने से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया तथा नशे की बिक्री करने वाले लोगों की सूचना मानस पोर्टल व टोल फ्री नंबर पर देने की शपथ भी दिलाई गई। रंगकर्मी सतीश मस्तान के नेतृत्व में बेटियों ने नशा मुक्ति को समर्पित नुक्कड़ नाटक की बेहतरीन प्रस्तुति दी।





रेवाड़ी। साइकिल यात्रा के पहुंचने पर लोटे में नमक डालते अधिकारी व अन्य, माजरा भालखी से शहर में आते हुए साइकिल यात्रा। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। नारनौल रोड से शहर में आते हुए साइकिल यात्रा। फोटो :हरिभूमि

### नशे से परिवार व समाज पर पड़ता प्रतिकूल प्रभावः अनुपमा

इस मौके पर कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि ने कहा कि यह यात्रा सामाजिक कुरीति के विरूद्ध एक जन आंदोलन है, जिसमें पूरा हरियाणा मिलकर नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए नशा मुक्त हरियाणा बनाने में अपना योगदान देगा। उन्होंने कहा कि नशे से परिवार व समाज विघटित होता है और प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की नशे के विरूद्ध शुरू की गई साइक्लोथॉन नशा मुक्त हरियाणा बनाने में सहभागी रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहकर अपना भविष्य संवारना चाहिए।





रेवाड़ी। नुक्कड़ नाटक की टीम विधायक व अधिकारियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

साइक्लोथॉन के जिले में पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रमों में डीडीपीओ नरेंद्र सारवान, सिविल सर्जन डा.नरेंद्र दहिया, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, एनसीबी के डीसीपी धर्मवीर सिंह, डिप्टी सीएमओ अशोक कुमार, सरपंच रविंद्र सिंह, राहुल तिवारी, भालखी राजकीय विद्यालय की प्राचार्या संतोष देवी, प्रवक्ता सुधीर यादव, खेल विभाग से कार्यवाहक डीएसओ ममता यादव, कोच चरण सिंह व समाजसेवी रत्नेश बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### आज तुलाराम स्टेडियम से रवाना होगी साइकिल यात्रा

साइकिल यात्रा में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के तत्वावधान में जन जागरूकता की मुहिम के तहत हाल ही में लांच किए गए नशा मुक्ति हरियाणा गीत छाया रहा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नशे के विरुद्ध शुरू की गई मुहिम में जिले के भालखी माजरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रवक्ता सुधीर हरषु ने अपने गायन व लेखन से यह गीत तैयार किया है। यात्रा के दौरान चला यह गीत नशे के खिलाफ जन जागरूकता में अहम रहा। साइक्लोथॉन-2.0 9 अप्रैल को प्रातः 6 बजे राव तुलाराम स्टेडियम से रवाना होकर गांव हांसाका, जौनावास, धारूहेड़ा व कापड़ीवास होते हुए जिला नूंह व पलवल के लिए प्रस्थान करेगी। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग राव तुलाराम स्टेडियम से साइक्लिस्ट के साथ साइक्लोथॉन में भागीदारी करेंगे।

## डॉक्टरों को काटना पड़ा पैर

# हाइवे पार कर रहे व्यक्ति को वाहन ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर हाइवे की सड़क पार कर रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे वह बेहोश हो गया। अज्ञात वाहन व्यक्ति के पैरों के ऊपर से गुजर गया, जिससे डॉक्टरों को उसका बाया पैर काटना पड़ा। गांव खरखड़ा निवासी राजकुमार ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। 23 मार्च को वह गांव राजपुरा में काम से गया था। वापस अपने गांव लौटते समय जब वह शाम करीब 6 बजे एनएच-48 मार्ग को पार कर रहा था तो एक अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर चला गया, जिससे वह बेहोश हो गया। जब उसे होश आया तो वह पीजीआई रोहतक में था।

हादसे में उसका बाया पैर बिल्कुल खराब हो गया था, जिसे डॉक्टरों को काटना पड़ा। उसके दाये पैर सहित बॉडी में काफी चोट लगी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### सुधराना में सरसों से भरी पिकअप गाड़ी ले गए चोर

**कोसली।** रविवार की रात सुधराना गांव से चोर एक सरसों से भरी पिकअप गाड़ी चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में सुधराना निवासी सचिन ने बताया कि उसने खेत से निकाली हुई सरसों मंडी में बेचने के लिए पिकअप गाड़ी में भरी हुई थी। सरसों भरने के बाद गाड़ी घर के अंदर ही खड़ी कर दी थी। उसे सोमवार को मंडी में सरसों ले जानी थी। तड़के करीब 3 बजे जब वह उठा तो उसे गाड़ी घर से गायब मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी गाड़ी का पता नहीं चला। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

# बिजली मंत्री को फोन करने पर एक्शन में आया निगम, तीन दिन से बाधित थी 7 गांवों की बिजली

- भाजपा नेता वीर कुमार ने बिजली निगम की पूरी टीम को धन्यवाद दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

गत रविवार से नाहड़-कोसली के 7 गांव नठेड़ा, नया गांव, झाल, जुड्डी, लिलोढ, सुधराना व ढाणी सुधराना में बिजली बाधित रहने से लोगों को गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। समस्या को देखते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता वीर कुमार यादव ने बिजली मंत्री अनिल विज से फोन पर संपर्क किया। मंत्री के आदेश के बाद बिजली निगम एक्शन मोड में आ गया तथा मंगलवार को बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता विजयपाल यादव अपनी टीम के साथ गांव नठेड़ा गांव पहुंचे और ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया, जिससे सात गांवों में बिजली की सप्लाई होती है। बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए एक्सईएन विजयपाल यादव ने मौके पर पुराने व जर्जर तारों को तुरंत बदलने, खराब जंपर्स और ट्रांसफार्मर को बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी के मौसम में तेज आंधी के चलते तार टूटने की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने कर्मचारियों को चेतावनी भी दी कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भाजपा नेता वीर कुमार ने बिजली निगम की पूरी टीम को धन्यवाद दिया।



रेवाड़ी। गांव नठेड़ा में मौजूद बिजली निगम के एक्सईएन व अन्य।

# शिविर में सौ लोगों ने करवाई नेत्र जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में फामेर्सी विभाग के सहयोग से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन और विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रोफेसर सुनील कुमार निदेशक लोक स्वास्थ्य प्रबंधन एवं विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र ने की। इस अवसर पर अतिथि वक्ता जगदंबा नेत्र चिकित्सालय भिवाड़ी से डा. मोनिका ने युवाओं में कंप्यूटर विजन सिंड्रोम और इसके प्रबंधन पर गहन चर्चा की। डा. मोनिका ने 20-20-20 का नियम, बार-बार पलकें झपकाना, आहार संबंधी आदतें और उचित दूरी व मुद्रा जैसे विभिन्न निवारक उपायों के बारे में बताया। करीब 100 विद्यार्थियों और शिक्षकों की आंखों की जांच की गई, सामान्य दृष्टि, अपवर्तक त्रुटि वाले चश्मे के नुस्खे और अस्पताल रेफर शामिल थे। विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के समन्वयक डा. हेमंत कुमार सिंह यादव ने शिविर के आयोजन में सहयोग देने के लिए अस्पताल की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. स्नेह लता, डा. सोनाली बत्रा, डा. नीता व डा. संजीव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



रेवाड़ी। अस्पताल की टीम का सम्मान करते शिक्षक।

# शराब ठेके का गेट उखाड़कर नकदी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली रोड पर सोमवार की रात एक चोर शराब ठेके का गेट उखाड़कर नकदी चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में जगदीश वाइन्स के ठेका इंचार्ज महेंद्रगढ़ के सीहमा निवासी सतपाल ने बताया कि सोमवार की रात वह ठेका बंद करने के बाद काउंटर के पास ही सो गया था। ठेके पर कार्य करने वाले दूसरे कर्मचारी भी सो गए थे। सुबह करीब 7 बजे जब वह उठकर टायलेट की ओर जाने लगा तो ठेके के टीनशेड के बना गेट उखड़ा हुआ मिला। इसके बाद उसने कैश काउंटर चेक किया तो उससे 55 हजार रुपये गायब मिले। जब उसने ठेके में सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो रात के समय एक अनजान व्यक्ति काउंटर से कैश चोरी करते हुए नजर आया। उसने पुलिस को इसकी फुटेज मुहैया कराइ है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

### टैंकरों से चोरी किए गए डीजल को बेचने के मामले में एक और आरोपी काबू

**कसोला।** कसोला थाना पुलिस ने टैंकरों से चोरी किए गए डीजल को खरीद कर ड्रमों में भरकर बेचने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान गांव भवाडी निवासी ऋषि के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 30 मार्च को पुलिस को सूचना मिली की गांव गुजरीवास निवासी विनोद कुमार टैंकरों से चोरी किए गए डीजल को खरीदकर, उसे राजस्थान में महंगे दामों पर बेचता है तथा टैंकरों से निकाले हुए 5 ड्रम डीजल तेल को एक पिकअप गाड़ी में रखकर बेचने के लिए राजस्थान जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने खाद्य आपूर्ति विभाग से निरीक्षक सतेंद्र कुमार को साथ लेकर गांव जलियावास के निकट नाकाबंदी शुरू करके एक पिकअप को चेक किया। गाड़ी से 5 ड्रम में करीब 1000 लीटर डीजल को बरामद किया गया।



चोरी का डीजल बेचने वाला आरोपी

## जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया

# जेपीएस के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में जीते 48 स्वर्ण पदक

- प्रधानाचार्या ने सभी विजेताओं को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों की ओलंपियाड प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

विद्यार्थियों ने 48 स्वर्ण पदक जीतकर विशेष उपलब्धि प्राप्त की। प्रधानाचार्या ने सभी विजेताओं को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि पांच विषयों के ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने 48 स्वर्ण पदक पाकर अपनी प्रतिभा साबित की।

हिंदी व सामान्य ज्ञान में 8-8 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। अंग्रेजी में 9 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक तथा एक विद्यार्थी ने स्वर्ण पदक के साथ विशिष्टता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। गणित व विज्ञान में 11-11 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इस अवसर अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डिंपल वशिष्ठ, सामाजिक अध्ययन विभागाध्यक्ष स्नेह कौशिक, विज्ञान विभागाध्यक्ष शीतल बिष्ट तथा गणित विभागाध्यक्ष शुचि मुद्गिल मौजूद थे।



रेवाड़ी। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि



# जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

## लाइफ Style

# अपूर्वा

## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंगः इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।




## हॉलीवुड मसाला



# 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।




# आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



# नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



# 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

## टीवी मसाला



# कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमों में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'



# 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।




***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

# इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए।*

*अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरु ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*



### इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ़िल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ़िल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

## अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

# इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल

*__नई दिल्ली।__ किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि, ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।



**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लूः पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।




**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### स्टेशन के पुर्नविकास कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित

**रेवाड़ी।** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल के जालंधर छावनी स्टेशन पर पुर्नविकास कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा तथा उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं मार्ग परिवर्तित रहेगी। गाड़ी संख्या 19611 अजमेर-अमृतसर एक्सप्रेस रेलसेवा 10 अप्रैल व 17 अप्रैल को अजमेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया फिरोजपुर छावनी-लोहियां खास-कपूरथला-जालंधर सिटी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा मार्ग में तलवंडी, मोगा, जगराआ, लुधियाना व फगवाड़ा स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 19612 अमृतसर-अजमेर रेलसेवा 15 अप्रैल को अमृतसर से प्रस्थान करके फिरोजपुर मंडल पर 30 मिनट रेगुलेट रहेगी।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों के बीच सुलह नहीं होने के कारण पुलिस ने गत 10 मार्च को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के सूरजगढ़ निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**रेवाड़ी।** बावल क्षेत्र के गांव मोहनपुर स्थित टाइल्स फैक्ट्री के पास में एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। बावल थाना पुलिस ने मृतक के शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। गांव मोहनपुर में श्री कृष्णा ट्रेडर्स में कार्यरत मुंडावर जिला खेरथल निवासी मनोज कुमार ने बताया कि रात्रि करीब 1 बजे साइकिल सवार व्यक्ति को एक अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची ईआरवी ने घायल को निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बावल थाना पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक के शव को शिनाख्त के लिए सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

### भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव कल

**नारनौल।** भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव 10 अप्रैल को सकल जैन समाज की तरफ से बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। पूर्व मीडिया प्रभारी गोपाल जैन ने बताया प्रातः पांच बजे प्रभात फेरी, इसके उपरांत 6:30 बजे अभिषेक व शांति धारा व सात बजे सामूहिक पूजा, नौ बजे विशाल शोभायात्रा श्री 1008 शांति नाथ दिगंबर जैन मंदिर नलापुर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संपन्न होगी।

#### जैसलमेर नेशनल हाइवे के पुलों के नीचे सज रहे बाजार, कई बार हो चुके हैं हादसे

# मिनी मार्केट में तब्दील हाईवे के अंडरपास भारी पड़ रहा मंथली वसूली का खेल

नेशनल हाईवे पर कुंड बैरियर और खोरी बस स्टैंड के लोगों का आवागमन सबसे ज्यादा रहता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। फ्लाईओवर के अंडरपास पर लगा बाजार। फोटो : हरिभूमि

जैसलमेर नेशनल हाइवे पर बने फ्लाईओवरों के नीचे अंडरपास मिनी मार्केट में तब्दील हो चुके हैं। एनएचएआई के कर्मचारियों के लिए यह मंथली वसूली का जरिया बन चुका है, जबकि वाहन चालकों को इससे हादसों की आशंका बनी रहती है। बस स्टॉप पर बने अंडरपास पर बड़ी संख्या में रेहड़ी लगाने वाले लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। इस नेशनल हाइवे पर कुंड बैरियर और खोरी बस स्टैंड ऐसे स्थान हैं, जहां लोगों का आवागमन सबसे ज्यादा रहता है। खरीददारों की संख्या ज्यादा होने के कारण दोनों प्रमुख बस स्टॉप पर फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास अतिक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। बड़ी संख्या में रेहड़ी लगाने वाले लोगों ने अंडरपास पर ही दुकानदारी जमा ली है। अंडरपास पर लगी रेहड़ियां सर्विस लेन से सड़क के दूसरे छोर तक जाने वाले वाहन चालकों को नजर नहीं आती। इससे दुपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार होते रहते हैं। रेहड़ियों के जमावड़े के कारण आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं, परंतु अतिक्रमण साफ करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

**रेहड़यां हटवाने से ज्यादा वसूली में दिलचस्पी**

फ्लाईओवर के नीचे बने अंडरपास एनएचएआई के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ एनएचएआई ही एक्शन ले सकती है। सूत्रों के अनुसार एनएचएआई के कुछ कर्मचारियों के लिए यह रेहड़ियां ही जेब गर्म करने का सौदा साबित हो रही हैं। कुछ कर्मचारी नियमित अंतराल के बाद रेहड़ी लगाने वाले लोगों से पैसा वूसलने के लिए पहुंच जाते हैं। मंथली देने के बावजूद रेहड़ी लगाने वाले लोगों के लिए बिना किराए की जमीन फायदे का सौदा साबित हो रही है। एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि अंडरपास में रेहड़ी लगाना कानूनन जुर्म है। अगर ऐसा हो रहा है, तो जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



रेवाड़ी। फ्लाईओवर के अंडरपास पर खड़ी रेहड़ियां व वाहन।



कनीना। नई मंडी चेलावास में सरसों की खरीद करते एजेंसी के अधिकारी।

## कनीना मंडी में बढ़ने लगी गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

पुरानी मंडी में गेहूं की आवक बढ़ने लगी है। खरीद एजेंसी फूड सप्लाई की ओर से सोमवार को पहले दिन 2236 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। वहीं मंगलवार को दूसरे दिन 118 किसानों का 4073 क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीद की गई। खरीद अधिकारी ध्यान सिंह ने बताया कि मंडी में गेहूं खरीद की समुचित व्यवस्था की गई है। गेहूं खरीद के 72 घंटे में किसानों को भुगतान किया जाएगा। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन फसल कटाई के चलते गेहूं मंडी में नहीं पंहुच सका था। सोमवार से खरीद कार्य प्रारंभ हुआ। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए मंडी में सभी बंदोबस्त किए गए हैं। कि एमएफएमबी पोर्टल पर पंजीकृत किसान द्वारा मंडी में फसल लेकर आने पर उन्हें कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। एमएसपी 2425 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं की खरीद की जा रही है

## सौर ऊर्जा ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए 21 तक करें आवेदन

- किसानों को 6 श्रेणियों के तीन 7.5 व 10 एचपी के सोलर ऊर्जा पंप को 75% अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



एडीसी अनुपमा अंजलि

नवीनीकरण ऊर्जा विभाग हरियाणा के तहत जिले के किसान 6 श्रेणियों के तीन 7.5 व 10 एचपी के सोलर ऊर्जा पंप को 75 प्रतिशत अनुदान पर लगवाने के लिए हरियाणा सरकार के पोर्टल सरलहरियाणा.जीओवी.इन पर 21 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एडीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि वर्ष 2019 से 2023 तक के मौजूदा किसान जिन्होंने एक एचपी, 10 एचपी बिजली आधारित कृषि ट्यूबवेल के लिए यूएचबीवीएन-डीएचबीवीएन में आवेदन किया था, उन्हें पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पंप कनेक्शन में प्राथमिकता दी जाएगी

इस वर्ष के लक्षित लाभार्थियों का चयन परिवार की वार्षिक आय व भूमि धारण के आधार पर किया जाएगा। एडीसी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सभी किसानों को आवश्यक दस्तावेज जैसे परिवार पहचान पत्र, आवेदक के नाम पर बिजली आधारित पंप न हो, आवेदक के नाम पर कृषि भूमि की जमाबंदी-फर्द होना आवश्यक है। किसानों के अपने खेत में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसे टपका फव्वारा सिंचाई या भूमिगत पाईप लाइन स्थापित हो या पंप लगाने से पहले स्थापित कर लेगें का प्रमाण पत्र-शपथ पत्र अपलोड करना होगा।

**किसानों को आवेदन में डिटेल देनी होगी**

किसान अपने ऑनलाइन आवेदन में क्षमता अनुसार जैसे 3 एचपी डीसी सरफेस, 7.5 एचपी डीसी सबमर्सिबल नार्मल कंट्रोलर तथा 10 एचपी डीसी सबमर्सिबल नार्मल कंट्रोलर और 10 एचपी एसी नार्मल कंट्रोलर, 10 एचपी डीसी सबमर्सिबल यूनिवर्सल कंट्रोलर और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल यूनिवर्सल कंट्रोलर सोलर पंप के लिए लाभार्थी हिस्सा जमा करा सकते है व अपनी इच्छानुसार कंपनी का चयन कर सकते है। किसान को अपने पास लाभार्थी हिस्सा जमा कराने का प्रमाण पत्र तथा जमीन कि फर्द अपने पास रखना होगा, जो सर्वे के दौरान चयनित कंपनी को देना होगा।

### सोमाणी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

## इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के 12 छात्रों किया गया चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमाणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट विभागों के छात्रों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव निजी कंपनी के मानव संसाधन अनुराग सिंह यादव की ओर से आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से अंतिम वर्ष के 12 छात्रों का चयन किया गया।

कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर अमित कुमार ने चयनित छात्रों को बधाई दी। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख प्रोफेसर नमिता और गौतम ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल की टीम से प्रो. गौतम, नमिता और नितेश ने बताया कि आने वाले समय में और अधिक मल्टीनेशनल कंपनियों को कॉलेज में आमंत्रित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक छात्रों को प्लेसमेंट के अवसर प्राप्त होंगे।



रेवाड़ी। प्लेसमेंट ड्राइव में मौजूद प्रोफेसर व कंपनी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि


### समाधान शिविर अब प्रत्येक वीरवार को लगेगाः डीसी

**महेंद्रगढ़।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि प्रदेश सरकार के नए दिशा-निर्देश अनुसार जिला प्रशासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अब महेंद्रगढ़ उपमंडल के एसडीएम कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के वीरवार को डीसी व एसपी की अध्यक्षता सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है और यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। समाधान शिविर में अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और सभी मामलों में पारदर्शी व संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाए। डीसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं।

# तीनों अनाजमंडियों में सरसों के साथ गेहूं की खरीद ने पकड़ी रफ्तार

### मंगलवार को रेवाड़ी में 10975 व कोसली अनाजमंडी में 35 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कोसली अनाजमंडी में लगा सरसों का अंबार।

रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में पिछले पांच दिन से सरसों के साथ गेहूं की भारी आवक हो रही है। रेवाड़ी में हैफेड तथा बावल व कोसली अनाजमंडियों में वेयर हाउस की ओर से5950 रुपये एमएसपी पर सरसों की सरकारी खरीद की जा रही है। इसके अलावा रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में हैफेड की ओर से 2425 एमएसपी पर गेहूं की खरीद की जा रही है। बावल अनाजमंडी में मंगलवार को भी गेहूं की सरकारी खरीद नहीं हो पाई। रेवाड़ी अनाजमंडी में मंगलवार को हैफेड की ओर से 231 किसानों से 10975 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई तथा 294 किसानों से 6370 क्विंटल सरसों खरीदी गई। वही कोसली अनाजमंडी में हैफेड की ओर से 721 किसानों से 35000 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। बावल अनाजमंडी में वेयर हाउस कारपोरेशन की ओर से मंगलवार को 109 किसानों से 2700 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वेयरहाउस से परचेजर सुरेन्द्र ने बताया कि अब तक 32403 क्ंविटल सरसों खरीदी जा चुकी है तथा 487000 कट्टों का उठान भी किया जा चुका है। तीनों अनाजमंडियों में अब तक 328579 क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद की जा चुकी है। वही रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में 105975 क्विंटल गेहूं की एमएसपी पर खरीद हो चुकी है।

**कोसली में 35 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा**



कोसली अनाज मंडी में सरसों व गेहूं की भारी आवक हो रही है। मंगलवार को हैफेड ने गेहूं की खरीद की। प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि हैफेड ने शनिवार तक 27521 क्विंटल गेहूं की खरीद की थी। मंगलवार को 35000 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र सिंह ने बताया कि मार्केट अब तक 118744 क्विंटल गेहूं के 1993 गेट पास जारी किए गए हैं तथा 246844 क्विंटल सरसों के लिए 11149 गेटपास जारी किए गए हैं। सोमवार तक 172077 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी थी। खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि मंगलवार शाम तक 11000 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है तथा दो लाख 80 हजार कट्टों का उठान भी हो चुका है। हैफेड के प्रबंधक के अनुसार 28000 गेहूं के कट्टों का उठान हो चुका है।

## सामाजिक विज्ञान में शोध की चुनौतियों और समाधान से अवगत हुए प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित दस दिवसीय शोध कार्यप्रणाली पाठ्यक्रम के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने सामाजिक विज्ञान में शोध के समक्ष उपलब्ध चुनौतियों और उनके समाधान को जाना समझा। विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के मनोविज्ञान विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित की जा रही। इस कार्यशाला का उद्देश्य शोधकर्ताओं को सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रभावशाली शोध के लिए आवश्यक शोधात्मक उपकरणों से अवगत कराना है। इस तरह आयोजन के अंतगर्त पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. विष्णु नारायण कुचेरिया ने प्रतिभागियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान प्रस्तुत किया



महेंद्रगढ़। प्रो .शालिनी सिंह को स्मृति चिह्न प्रदान करती प्रो . पायल कंवरचंदेल।

# पेंशनर्स से भेदभाव कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। यादव धर्मशाला में बैठक करते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी संघ संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स पेंशनर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (रजिस्टर्ड नंबरः0096) की बैठक यादव धर्मशाला में जिला प्रधान घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक का संचालन प्रधान ब्लॉक नारनौल सुवालाल ने किया। सर्वप्रथम बैठक में आजादी की लड़ाई के अग्रदूत कहे जाने वाले मंगल पांडे को नमन किया और दो मिनट का सभी साथियों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग की सिफारिश के लाभों से 31 दिसंबर 2025 तक के पेंशनर्स को पेंशन संशोधन के अधिकार से वंचित करने करने के विरोध में भारी रोष प्रकट किया गया। जिला प्रधान ने बताया कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा कि राज्य कार्यकारिणी की बैठक में आंदोलन के बारे में जो भी निर्णय लिया जाएगा, उस निर्णय के अनुसार जिला महेंद्रगढ़ का रिटायर्ड कर्मचारी संघ आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा।

### जिला प्रशासन ने हीट वेव से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

# गर्मी के मौसम में जंक फूड से दूर रहकर घर में बने खाना व ताजा फलों का ही सेवन करें: अनुपमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि।

- गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें

गर्मी के मौसम में गर्म हवा के थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से हीट वेव का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है,

जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। कार्यवाहक डीसी ने कहा कि आमजन एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने कहा कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों पर ध्यान दें व समाचार पत्र पढ़ें।

गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस, घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, तोरानी, नींबू पानी व छाछ का सेवन करें। पार्किंग में बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना ही खाएं। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी, घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं।

**वृद्ध-कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें**

अनुपमा अंजलि ने कहा कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें। यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें, उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं।

### दक्ष प्रजापति बाल संस्कार प्रजापति चौपाल का हुआ शुभारंभ

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय विधायक कंवर सिंह यादव ने दक्ष प्रजापति बाल संस्कार प्रजापति चौपाल का शुभारंभ किया गया। स्थानीय बाल चरित्र निर्माण सभा की दक्ष प्रजापति शाखा महेंद्रगढ़, विद्या भारती हरियाणा की देखरेख में इसका संचालन करेगी। इस बाल संस्कार केंद्र में बाल पीढ़ी को श्रेष्ठ व्यक्तित्व प्रदान करने के लिए प्रतिदिन दो घंटे गृह कार्य करवाने के साथ-साथ सद्-संस्कार, कला-कौशल, धर्म-संस्कृति और मानवी व्यवहार के श्रेष्ठ गुणों को धारण करवाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बाल चरित्र निर्माण सभा महेंद्रगढ़ के संचालक रतिराम टांक ने बताया

### हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा व मेला 12 को

**नारनौल।** बहरोड़ मार्ग स्थित बाबा कड़ियां वाले मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर मेला व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी प्रबंधक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सुबह पांच बजे से साढ़े आठ बजे तक बालाजी का भव्य श्रृंगार होगा।

**सूचना**

मैं, फुल बाई पत्नी श्री तारा चंद निवासी साल्हावास रोड, नजदीक धनखड़ सर्विस स्टेशन, रेलवे स्टेशन कोसली, तह कोसली, जिला रेवाड़ी, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्म तिथि 01-01-1948 दर्ज है जबकि मेरी सही व वास्तविक जन्म तिथि 05-12-1942 जो कि मेरे आधार व ईसीएचएस कार्ड में भी दर्ज है।

**ग्राम पंचायत गादला**
खण्ड-जाटूसाना, उपतहसील-पाल्हावास
डाकघर-कन्होरा, जिला रेवाड़ी 123035, हरियाणा
सरपंचः जयवीर सिंह, मो. नं. 8467601771, 9728729456

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गादला, खण्ड जाटूसाना जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करवाया जाना है। उक्त कार्य करने की इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 14.04.2025 तक जमा करवाए। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी एवं पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 17.04.2025 को किया जाएगा।
नोटः- दिनांक 14.04.2025 के बाद कोई भी कुटेशन मान्य नहीं होगी।

हस्ता/-सरपंच ग्राम पंचायत
गादला, खण्ड जाटूसाना
जिला रेवाड़ी

**खबर संक्षेप**

### बाइक पर आए व्यक्तियों ने व्यक्ति से की मारपीट

**कोसली।** गांव मूंदडा के पास बाइक पर आए व्यक्तियों ने एक अन्य व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। कोसली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जखाला निवासी जयपाल ने पुलिस को बताया कि वह 4 अप्रैल को रात करीब 10:30 बजे अंडे जखाला की पिकअप में गांव मूंदडा के पास तूड़ा भर रहा था तथा जो तूड़ा भरने के बाद अंडे ने उसे अनु के गोदाम के सामने छोड़ गया वह जब टीन के नीचे बैठा था तो एक मोटर साइकिल पर मुबारिकपुर की तरफ से 5 व्यक्ति आ गए, जब वह उठकर चलने लगा तो उन्होंने उसका रास्ता रोक लिया और लात-घूसों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

### विजय नगर से स्कूटी सहित युवक लापता

**रेवाड़ी।** कोनसीवास रोड स्थित विजय नगर से युवक स्कूटी सहित लापता हो गया। विजय नगर निवासी विजय गुप्ता ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पुत्र नितेश गुप्ता 6 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे स्कूटी लेकर गया था तथा अपने साथ 2 लाख रुपये की नकदी भी ले गया है। काफी तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चला है। नितेश का मोबाइल भी बंद आ रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### घर से गुरुग्राम के लिए निकला लॉ स्टूडेंट लापता

**रेवाड़ी।** राधा-स्वामी कॉलोनी सेक्टर-3 से गुरुग्राम के लिए निकला युवक लापता हो गया। कॉलोनी निवासी अंजू ने सेक्टर-3 चौकी पुलिस को बताया कि उसका 21 वर्षीय बेटा मयंक नार्थ कैंपस यूनिवर्सिटी गुरुग्राम से वकालत की पढ़ाई कर रहा है। 5 अप्रैल को वह घर पर आया हुआ था तथा 6 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे घर से गुरुग्राम की कहकर निकला था। रात करीब 9:30 बजे उनकी उससे मोबाइल पर बात भी हुई थी, लेकिन उसने यह नहीं बताया कि वह कहां पर है। उसके बाद रात करीब 1:30 बजे मयंक ने उनके पास मैसेज किए कि उससे कुछ लोग पैसे मांगते है। जब महिला ने सुबह मैसेज देखकर अपने बेटे को फोन लगाया जो उसका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद मयंक के पिता ने गुरूग्राम जाकर पता किया जो मयंक वहां पर पहुंचा ही नहीं था। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 जिमखाना क्लब से गढ़ी बोलनी रोड पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई। सेक्टर-3 चौकी पुलिस को दी शिकायत में वेस्ट बंगाल परगना निवासी सेक्टर-4 में रहने वाले कमल मंडल ने बताया कि 7 अप्रैल को रात करीब 9:15 बजे वह अपने साथी वेस्ट बंगाल परगना निवासी के साथ सेक्टर-4 से सेक्टर-3 जाने के लिए गढ़ी बोलनी रोड पार कर रहा था तभी एक तेज गति से आती बाइक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जब उसका साथी उसे उठाने लगा तो बाइक चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने से उसे पैर व छाती में काफी चोटें आई। उसके साथी ने उसे निती अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### हमले में महिला सहित दो घायल, तीन पर केस

**नाहड़।** गांव भडंगी में तीन लोगों ने महिला व उसके भतीजे पर हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव निवासी शकुन्तला ने नाहड़ चौकी पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल दोपहर को वह अपने भतीजे प्रदीप के साथ आंखों की जांच कराने के लिए अस्पताल जा रही थी। महिला ने आरोप लगाया कि जब वे घर से निकलकर कुछ दूर पहुंचे तो गांव के सत्यवान, कृष्ण और पूनम ने उन पर हमला कर दिया। कृष्ण ने प्रदीप के सिर पर रॉड से वार किया, जिससे उसे काफी चोटें आई। सत्यवान व पूनम ने महिला के साथ मारपीट की और उसके सोने के कुंडल निकाल लिए तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

## अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलरों पर नहीं पड़ रहा असर

# ढोहकी में फार्म हाउस पर चला डीटीपी का चाबुक, 12 एकड़ में अवैध निर्माण ध्वस्त

**प्लॉट बिकने के बाद प्रॉपर्टी डीलर गायब हो जाते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। ढोहकी में फार्म हाउस पर तोड़फोड़ करती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करके कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। जिले में अवैध कॉलोनियों पर चल रही तोड़फोड़ के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। मंगलवार को ढोहकी की राजस्व सीमा में लगभग 12 एकड़ जमीन में विकसित हो रहे फार्म हाउस पर डीटीपी की जेसीबी चली। डीटीपी की ओर से अवैध रूप से हो रहे निर्माण का सर्वे करने के बाद नोटिस भेजे जा रहे हैं। डीटीपी विभाग की टीम मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम ढोहकी पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 12 एकड़ जमीन पर विकसित हो रहे फार्म हाउस में जेसीबी चलाई। इस दौरान 14 डीपीसी, 8 चारदीवारी और सीवरेज व रोड नेटवर्क को जमींदाज कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका। दूसरी बार फार्म हाउस पर तोड़फोड़ के बाद दूसरे निर्माण करने वाले लोगों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

**हर तरफ फैला भूमाफियाओ का जाल**

शहर के चारों ओर भूमाफियाओं का जाल फैला हुआ है। कृषि भूमि खरीदने के बाद उस पर प्लॉट काटे जा रहे हैं। प्लॉटों की रजिस्ट्री पर पाबंदी होने के बावजूद फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। कई डीलर खरीददारों को कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। प्लॉट बिकने के बाद प्रॉपर्टी डीलर गायब हो जाते हैं। ऐसे में जब खरीददार निर्माण शुरू करते हैं, तो डीटीपी की काईवाई शुरू हो जाती है। इससे खरीददारों को दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है।

**नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें**



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि अनियमित कॉलोनियों में निर्माण करने वालों पर विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## आईजीयू में अर्थमिति पर कार्यशाला का आयोजन

- कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर आशीष मनचंदा प्रबंधन विभाग यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में अर्थशास्त्र व प्रबंधन विभाग की ओर से अर्थमिति विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर आशीष मनचंदा प्रबंधन विभाग यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली थे।

अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विकास बत्रा ने प्रोफेसर आशीष मनचंदा का स्वागत किया। मुख्य वक्ता प्रो. आशीष ने कार्यशाला में शोध पत्र की संरचना, साहित्य अंतर खोजने, आयामों के बीच अंतर परिभाषित करने, डेटा की प्रकृति, क्वांटाइल तकनीक और आश्रित चरों के बीच सहसंबंध की जांच करने की जानकारी दी। उन्होंने एक्सल सॉफ्टवेयर की मदद से रिग्रेशन विश्लेषण, समय श्रृंखला विश्लेषण, पैनल डेटा और क्रॉस सेक्शनल डेटा के बारे में बताया।

इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी व प्रबंधन विभाग के शोधार्थी भी मौजूद थे। प्रबंधन विभाग से डा. भारती ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग से डा. समृद्धि, डा. भारती और अर्थशास्त्र विभाग से डा. देवेन्द्र सिंह और डा. रितु मौजूद थे।

## नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी रिटायर्ड पशु चिकित्सक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने नौकरी के नाम पर 3.5 लाख रुपये हड़पने के आरोपी रिटायर्ड पशु चिकित्सक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। 17 अप्रैल 2023 को एसपी को दर्ज शिकायत में सेक्टर-10 निवासी होशियार सिंह ढिल्लो ने बताया था कि चरखी दादरी के झोझू कलां निवासी रिटायर्ड पशु चिकित्सक अनिल कुमार उसके संपर्क में आया था। अनिल ने उसे कहा कि वह उसके भतीजे को डीसी रेट पर नौकरी लगवा देगा। इसके बदले उसे साढ़े तीन लाख रुपये देने होंगे। होशियार ने उसे 2 लाख रुपये का चेक व डेढ़ लाख रुपये दे दिए। इसके बाद जब उसके भतीजे को नौकरी नहीं मिली, तो उसने अनिल से पैसे लौटाने को कहा। अनिल ने उसे साढ़े 3 लाख रुपये का चेक दे दिया। बैंक में जमा कराने पर अनादरित हो गया। एसपी ने उसकी शिकायत को कार्यवाही के लिए मॉडल टाउन थाने भेजा था। पुलिस ने 9 नवंबर 2023 को आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अनिल को गिरफ्तार कर लिया।

- पुलिस ने 9 नवंबर 2023 को आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था

## पुलिस टीम ने धारूहेड़ा में चलाया सर्च अभियान बाहरी लोगों के पहचान पत्र जांचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा



रेवाड़ी। धारूहेड़ा में जांच करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

धारूहेड़ा थाना पुलिस, डॉग स्क्वायड व कमांडों के जवानों ने मंगलवार को संयुक्त रूप से नंदरामपुर बास रोड व टाउन पार्क में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने संदिग्ध स्थानों की जांच की तथा बाहरी श्रमिकों के पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की जांच की। थाना धारूहेड़ा प्रबंधक जगदीश चंद ने बताया कि पुलिस की ओर से सुरक्षा को लेकर और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को काबू करने के लिए अभियान चलाया गया। मंगलवार को जिला पुलिस की ओर से गठित टीम को किसी प्रकार की आपत्तिजनक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। एसएचओ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि यदि आसपास कोई भी असामाजिक तत्व,संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे तो तुरंत डायल 112 पर इसकी सूचना दें।

## गांव तीतरपुर व मसानी में तीन ट्रांसफार्मरों से ऑयल व रॉड चुरा ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा थाना क्षेत्र के गांव तीतरपुर व मसानी में तीन ट्यूबवेलों पर लगे तीन ट्रांसफार्मरों से चोर ऑयल व रॉड चोरी कर ले गए। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने डीएचबीवीएन जोनावास के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर लिया है। डीएचबीवीएन के एसडीओ आशीष मित्तल ने पुलिस को बताया कि उनको बिजली निगम के जेई दिनेश कुमार जेई ने चोरी की सूचना दी कि गांव तीतरपुर व मसानी के तीन ट्यूबवेल पर लगे एक 63 केवीए तथा दो 25-25 केवीए के ट्रांसफार्मर से चोरी हो गई है।

- धारूहेड़ा थाना पुलिस ने डीएचबीवीएन जोनावास के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर लिया

गत माह 31 मार्च को गांव के किसान राजेन्द्र प्रसाद, अनूप व भोंदू ने मुकेश लाइनमैन और परमजीत लाइनमैन तथा डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी कि ट्रांसफार्मर नीचे गिरे हुए है और उसमें ऑयल बिखरा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीओ व जेई ने देखा कि ट्रांसफार्मरों से ऑयल व रॉड चोरी हो गई है, जिससे बिजली निगम को 278244 रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## श्रीराम सत्संग भवन के हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का शोभायात्रा के साथ शुभारंभ





रेवाड़ी। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकालते श्रृद्धालु तथा हनुमानजी की शोभायात्रा में शामिल श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

- शोभायात्रा सरकुलर रोड होते हुए बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर पहुंची, जहां पर बाबा को ध्वजा अर्पित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के मोहल्ला छिपटवाड़ा स्थित श्रीराम सत्संग भवन में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के पांच दिवसीय कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। सद्गुरु देव शिवचंद इष्टधारी के सानिध्य में सत्संग भवन से शहर में शोभायात्रा निकाली गई।


शोभायात्रा सरकुलर रोड होते हुए बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर पहुंची, जहां पर बाबा को ध्वजा अर्पित की गई। रास्ते में सभी मंदिरों में देवी-देवताओं को माला अर्पित की गई। शोभायात्रा में प्राचीन हनुमान मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद रामायणजी को रथ पर विराजमान किया गया तथा शोभायात्रा भाड़ावास गेट, मोती चौक व पुरानी तहसील होते हुए श्रीराम सत्संग भवन छिपटवाड़ा में सम्पन्न हुई। इसके बाद मदिर में श्री रामचरितमानस पाठ शुरू किया गया। 9 अप्रैल को श्री रामचरितमानस पाठ की पूर्ति होगी तथा रात 9 बजे से प्रवचन व भजन-कीर्तन होंगे। 10 अप्रैल की रात 9 बजे पंजाबी धर्मशाला में प्रवचन व भजन-कीर्तन होंगे। 11 अप्रैल को तुर्कियावास रोड स्थित हनुमान मंदिर में 10 बजे हवन और रोट का भोग लगाया जाएगा। 12 अप्रैल को पंजाबी धर्मशाला में 11 बजे भंडारा लगाया जाएगा। इस मौके पर आचार्य अमित, आचार्य हरीश, महेश गोयल टपूकड़ा, संजय स्वामी, गौरव वत्स व अतुल वर्मा सहित अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।



रेवाड़ी। पीटीएम में मौजूद शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी।

## आईजीयू के प्रबंधन विभाग में बीबीए के विद्यार्थियों की पीटीएम का आयोजन

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के प्रबंधन विभाग की ओर से पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एमबीए यानि बीबीए के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए पीटीएम का आयोजन किया गया। विभाग की अध्यक्ष डा. समृद्धि ने बताया कि गत वर्ष 12वीं पास करने वाले छात्रों के लिए एमबीए 5 ईयर कोर्स आरंभ किया गया है, जिसमें नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों को बीबीए व एमबीए की डिग्री मिलती है। विद्यार्थियों के नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित रहने व उनके ओवरऑल शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में परिजनों को सम्पूर्ण जानकारी देने के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की उपस्थिति व रिजल्ट के बारे में अवगत कराया। मीटिंग में सहायक प्रोफेसर डा. जसविंदर सिंह और डा. सुशांत यादव मौजूद थे।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## जल ही जीवन है विषय पर निबंध प्रतियोगिता में रानी बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

शहीद जीतराम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल स्कूल नाहड़ में जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जल ही जीवन है विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य यशवंत पाल ने की तथा संचालन कृष्ण भारद्वाज विज्ञान अध्यापक ने किया। उन्होंने बच्चों को जल के महत्व से अवगम कराया। डा.पूनम स्पेशल टीचर ने प्रतियोगिता का परिणाम बताया। जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से उषा व अभिलाषा ने जल जीवन मिशन के तहत रैली का आयोजन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर व कांस्य पदक के साथ-साथ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में रानी अनुरागी कक्षा आठवीं ने प्रथम, जोगिंद्र कक्षा दसवीं ने द्वितीय व अंजलि बैरवा कक्षा सातवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को यशवंत पाल और स्टॉफ सदस्यों ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर वेदपाल, मोहित यादव, मीनाक्षी देवी, सीमा यादव, सोमवीर, धर्म सिंह मीणा, देवेंद्र कुमार, करुण बलयान व हर्ष कुमार उपस्थित थे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम** नृत्य, गायन, संगीत, जैसी विधा में हरियाणवी संस्कृति का खूब प्रदर्शन किया

# हरियाणा राज्य प्रवासी नागरिक मंच जयपुर के सांस्कृतिक उत्सव में छाए रेवाड़ी के कलाकार





रेवाड़ी। कार्यक्रम में समूह डांस करते हुए संस्था की कलाकार तथा कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों के साथ संस्था के कलाकार। फोटो : हरिभूमि

- मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवत्त आईएएस ललित मेहरा व अनिल कौशिक पूर्व निदेशक हरियाणा कला परिषद थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य प्रवासी नागरिक मंच जयपुर की ओर से हरियाणा भवन जयपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेवाड़ी की लावण्या फाउंडेशन के राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों का चयन किया गया था। कलाकारों ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित नृत्य, गायन, संगीत, जैसी विधा में हरियाणवी संस्कृति का खूब प्रदर्शन किया। हरियाणा राज्य प्रवासी नागरिक मंच जयपुर की ओर से आयोजित कला एवं संस्कृति उत्सव में लावण्या फाउंडेशन की कलाकार अंजली, अंजना व सिमरन ने चैक पुराओ गान, नीरू, पूर्वी व निर्मला ने हिचकी पर समूह नृत्य, विधी ने एक मै सु हरियाणे कि छोरी पर एकल नृत्य, अंजली ने नई नवेली नार पर एकल नृत्य, विधी, पिंकी, गीता, अंजली व अंशुल ने मनै आव हिचकी पर समूह नृत्य, नीरू ने उस छोरे ने देख एकल नृत्य, पूर्वी ने ना जा पिया पर एकल नृत्य तथा अंजना, अंजली, सिमरन व समिष्ठा ने मेरा कर्मा तू मेरा धर्मा तू सहित अनेक गानों पर गायन की प्रस्तुति दी। नीरू, पूर्वी व निर्मला, विधी, पिंकी, गीता, अंजली व अंशुल ने गुडिया थीम डांस की प्रस्तुति दी। लावण्या फाउंडेशन से झम्मन सिंह सैनी, रोहित सैनी, संगीता, सागर सैनी व प्रतीक सहित अनेक कलाकारों ने हरियाणवी संस्कृति का प्रसार करते हुए अनेकता में एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जलज वत्स व पुष्पा वशिष्ठ के ने किया। समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवत्त आईएएस ललित मेहरा व अनिल कौशिक पूर्व निदेशक हरियाणा कला परिषद थे।अनिल कौशिक ने सभी कलाकारों से अपने देश की कला और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर महासचिव कमला वत्स व एमपी गुप्ता संरक्षक ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रमोद वशिष्ठ, घीसा राम सैनी व नरेश मलिक सहित अनेक लोग मौजूद थे।